Sirsa Aas Paas

Date: 04 Mar 10; Edition: Punjab

# आईपीएल मैचों का नजारा अब थियेटर में

सरसा (आनंद भार्गव)।

**कंपनी का लक्ष्य** दर्शकों का मनोरंजन और थियेटर में मिनी स्टेडियम का निर्माण करना है।

आगामी 12 मार्च से आयोजित होने वाले आईपीएल 20-टवेंटी (इंडियन प्रीमियर लीग) मैच शृंखला का मैदान में होने वाले मैचों का हुबहु लुत्फ सरसा वासी ओएचएम सिने गार्डन में ले सकते हैं। मैच बिना किसी विज्ञापन और कार्मिशयल ब्रेक के दिखाए जाएंगे तथा थियेटर स्क्रीन पर टीवी सेट की अपेक्षा 30 प्रतिशत ज्यादा ग्राउंड दिखाई देगा। यह जानकारी ओएचएम सिने गार्डन के डायरेक्टर पंकज खेमका ने आज ओएचएम रिसोर्ट में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान दी। इस मौके पर मैच लाइव प्रसारण करने वाली कंपनी यूएफओ के अधिकारी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित थे।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री खेमका ने बताया कि स्टेडियम का मजा थियेटर में दिलवाने के उद्देश्य से क्रिकेट पेमियों के लिए भारत में पहली बार मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान क्रिकेटमयी माहौल बनाने के लिए टीम विशेष के समर्थक दर्शकों को सीटियां, टोपियां, लोगो इत्यादि भी दिए जाएंगे ताकि वे चौके, छक्के व अन्य रोमांचक पलों में हु-हल्ला भी कर सके। इसके अलावा दर्शकों के लिए इनाम इत्यादि भी रखे जाएंगे। मैचों के दौरान क्रिकेट व सिने जगत से जुड़ी हस्तियां भी दर्शकों के बीच पहुंचेगी। इस मौके पर यूएफओ कंपनी के अधिकारी कपिल अरोड़ा ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा दस वर्षों के लिए आईपीएल मैचों के प्रसारण का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि देश के चुनिंदा सिनेमा में ही मैच प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैचों का प्रसारण 45 दिन चलेगा। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी का लक्ष्य दर्शकों का मनोरंजन और थियेटर में मिनी स्टेडियम का निर्माण करना है।




प्रैस वार्ता को संबोधित करते पंकज खेमका।